NT>

Title: Requests the Railway Minister to provide stopage of the Hussainsagar train at Chitapur Railway Station.

श्री बासवराज पाटिल सेडाम : उपाध्यक्ष महोदय, गये तीन साल से गुलबर्गा जिले के चित्तापुर रेलवे स्टेशन पर हुसैनसागर गाड़ी (मुम्बई से हैदराबाद) की डिमांड की जा रही है। इस कारण पुलिस केस हुआ जिससे कई लोगों को जेल जाना पड़ा और अब वे हर महीने कोर्ट घूम रहे हैं। वह गाड़ी पांच हजार पापुलेशन के टाऊन पर न रुककर तीस हजार पापुलेशन के टाऊन पर रुकती है। हम सरकार से लगातार मांग कर रहे हैं कि वहां पर ट्रेन रोकना न्यायसंगत है। इसलिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि आप हुसैनसागर गाड़ी चित्तापुर रेलवे स्टेशन पर रोकने के लिए तुरंत कदम उठायें। इसके साथ-साथ केस को भी विदड़ा करें।